ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अगस्त. केंद्र सरकार द्वारा कराए जा रहे वोटर वेरिफिकेशन का विरोध करने पर राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा फूलबाग चौराहे पर आज शाम केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, प्रभुदयाल जौहरे प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, प्रदेश सचिव संजय सिंह राठौर आदि नेता उपस्थित रहे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व एवं मप्र सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सुरेंद चौधरी और विधायक सतीश सिकरवार, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा की उपस्थिति में यह प्रदर्शन किया गया.

'वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा' 14 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अगस्त. ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को निकलने वाली 'वोट सत्याग्रह तिरंगा यात्रा' के लिये जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों

प्रदेश प्रभारी चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष पटवारी समेत नेता होगें शामिल

को जिम्मेदारी आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय में हुई बैठक में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा सौंपी गई। इस तिरंगा यात्रा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कई नेता शामिल होंगे।

विधायक डॉ. सिकरवार ने बैठक में मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताआ का आव्हान करते हुये कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिये आवश्यक है। आज देश में लोकतंत्र खतरे में है, इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि वोटर वेरिफिकेशन और चुनाव में वोट चोरी के विरोध में आज हमारे नेता राहुल गांधी अपने साथियों के साथ जब संसद से चुनाव आयोग के आफिस तक मार्च निकाला तो रास्ते में ही पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। इसे देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

तीन अवैध भैंस डेयरी संचालकों से वसूला जुर्माना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अगस्त. नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ निरंतर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम अमले द्वारा निरंतर अभियान चलाया जाकर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में वार्ड 44 जिंसी नाला स्थित हनुमान नगर में तीन अवैध भैंस डेयरियों द्वारा खुले में गोबर फेंका जा रहा था, जिस पर

कार्यवाही करते हुए 5000 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी राजेन्द्र विक्रम सिंह, योगेन्द्र यादव, दक्षिण फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफीसर महेश पथरोल, वार्ड हेल्थ ऑफीसर लोकेंद्र चंडालिया आदि उपस्थित रहे।

अनेक सड़कों पर कराई पेंच रिपेयरिंग, यातायात को किया सुगम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अगस्त. नगर निगम ग्वालियर द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिए अभियान चलाकर बरसात में खराब हुई सड़कों पर पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जा रहा है।

सहायक यंत्री श्री अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार निगम के अमले द्वारा निरंतर सुगम यातायात एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए

विभिन्न सड़कों पर पेच रिपेयरिंग का काम किया जा रहा है। जिसके तहत आज करोली माता मंदिर से पंतनगर ढलान तक, मेला के पीछे विवेक नगर, सूर्य नमस्कार से आकाश वाणी की तरफ जाने वाले रोड पर, मृगनयनी गार्डन से सूर्य नमस्कार तिराहा तक, गोले का मंदिर चौराहा पर, रानीपुरा, हरीशंकरपुरम, शिवशक्तिपुरम कॉलोनी गुडा, उल्लास नगर, गोसपुरा नम्बर-2 सहित अनेक स्थानों पर पेंच रिपेयरिंग कर यातायात को सुगम बनाया गया।

विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. सरीन के निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया

ग्वालियर 11 अगस्त. विधानसभा अध्यक्ष एंव पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने समाजसेवी डॉ. देवेंद्र सरीन की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती चंचल सरीन के देवलोकगमन पर उनके निवास आनंद नगर बहोडापुर पर पहुंचकर तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोकाकुल डॉक्टर सरीन एवं परिजनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार परमार, अशोक जैन, अशोक जादौन, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर, पूर्व पार्षद जगत सिंह कौरव उपस्थित रहे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं पूनम तोमर पत्नी श्री मुकेश सिंह तोमर न. 3020102 A लांस नायक GD मुकेश सिंह तोमर भारतीय सेना गांव- हीरानगर पोस्ट- मोतीझील, पुरानी छावनी तहसील ग्वालियर मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम भूलवश पूनम सेंगर (Poonam Sengar) हो गया है जबकि वास्तविक में सही नाम पूनम तोमर (Poonam Tomar) है जो दर्ज करवाना चाहती हूँ शपथ पत्र 35AA324969/ 04.08.2025 **मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ग्वालियर**

कल मनाया जाएगा राष्ट्रीय एंटी रैगिंग दिवस

ग्वालियर 11 अगस्त. जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में कल 12 अगस्त को राष्ट्रीय एंटी रैगिंग दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों,प्राध्यापकों,अतिथि शिक्षकों को सम्मिलित कर दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को रैगिंग के सम्बन्ध में जागरूकता प्रदान करना,रैगिंग के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना एवं किसी भी परिस्थिति में कैम्पस को रैगिंग मुक्त बनाना है। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय एंटी रैगिंग सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागाध्यक्ष, निदेशक,समन्वयक अपनी-अपनी अध्ययनशालाओं में 13 से 18 अगस्त के मध्य रैगिंग से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे स्लोगन, निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग, लोगो डिजाईनिंग, फोटोग्राफी, प्रश्नमंच, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित करेंगे।उपरोक्त विधाओं में जो छात्र छात्राएं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे उन्हें विश्वविद्यालय प्रमाण-पत्र प्रदान करेगा।

ग्वालियर संभाग के किसानों के खातों में पहुँची 52 .276 करोड़ की बीमा राशि

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 11 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार 11 अगस्त को राजस्थान के झुंझनू से पात्र कृषकों के खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि पहुँचाई। इसमें ग्वालियर संभाग के कुल 3,18,160 कृषकों के खातों में पहुँची 52.276 करोड रूपए की बीमा राशि शामिल है। इसी तरह चम्बल संभाग के कुल 1,38,594 कृषकों को 18.615 करोड राशि मिली है।

संभागीय संयुक्त संचालक कृषि एवं किसान कल्याण श्री आर एस शाक्यवार ने बताया कि ग्वालियर जिले के 35075 कृषकों को 3.725 करोड, शिवपुरी जिले के 58742 कृषकों को 8.101 करोड, गुना जिले के 86621 कृषकों को 10.861 करोड, अशोकनगर जिले के 129656 कृषकों को 29.300 करोड एवं दतिया जिले के 8066 कृषकों को 0.29 करोड रूपए की बीमा राशि मिली है। इसी तरह मुरैना जिले के 44893 कृषकों को 5.144 करोड, भिण्ड जिले के 76662 कृषकों को 9.870 करोड एवं श्योपुर जिले के 17039 कृषकों को 3.601 करोड रुपए बीमा क्लेम के रूप में मिले हैं।

ग्वालियर व चंबल संभाग के किसान भाइयों के लिये अपनी खरीफ फसल का बीमा कराने का एक और मौका मिला है। फसल बीमा करने के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अऋणी कृषक 14 अगस्त तक एवं ऋणी कृषक 30 अगस्त तक खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं।

फसल बीमा कराने के लिये आवश्यक दस्तावेजों में आधारकार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं भूमि संबंधी दस्तावेज शामिल हैं। किसान भाई नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र, कॉमन सर्विस सेंटर, फसल बीमा पोर्टल, क्रॉप इंश्योरेंस एप, एआईसी के प्रतिनिधि, निकटतम बैंक शाखा व ऐसी सहकारी समिति जहाँ बचत खाता है, वहाँ पर संपर्क कर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।

तिरंगा यात्रा के साथ-साथ निगम ने चलाया स्वच्छता अभियान

ग्वालियर 11 अगस्त . सेना के पराक्रम को नमस्कार करने के लिये हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत वीर सपूतों, बलिदानियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती ग्वालियर में आयोजित हुई देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा राजमाता चौराहे से निकाली गई। जहां जहां से तिरंगा यात्रा निकली वहां निगम के अमले ने सड़कों की सफाई कराई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुआई में तिरंगा यात्रा राजमाता चौराहे से प्रारंभ होकर सिटी सेंटर, पटेल नगर, गाँधी रोड़ व आकाशवाणी तिराहे से होते हुए राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुँची। तिरंगा यात्रा के पीछे निगम के कचरा संग्रहण वाहन चल रहे थे, जिनमें उपस्थित सफाई कर्मचारियों द्वारा सड़कों की त्वरित सफाई कराई जा रही थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ग्वालियर विमानतल पर आत्मीय स्वागत

ग्वालियर 11 अगस्त . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजकीय विमान से ग्वालियर विमानतल पर पधारे। उनके साथ प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी साथ में आए। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। विमानतल पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत एवं पूर्व मंत्री रामनिवास रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया।

आम सूचना

श्री रामप्रसाद पुत्र श्री भोगीराम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम मुरार, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.21 में स्थित है एवं जिसका क्षेत्रफल 361 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भवन रामकृष्ण, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भवन भरतलाल एवं दक्षिण में-रास्ता 05 फुट चौड़ा बाद भवन श्री कैलाश है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री भोगीराम शर्मा पुत्र श्री किलोल सिंह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री भोगीराम शर्मा द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री रामप्रसाद, श्री कैलाशनारायण, श्री रामजीलाल, श्री रामकृष्ण पुत्रगण श्री भोगीराम के हित में नोटराईज्ड वसीयतनामा विलेख दिनांक 02.02.1976 को सम्पादित किया गया। श्री भोगीराम शर्मा का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 02.02.1976 के अनुसार श्री रामप्रसाद, श्री कैलाशनारायण, श्री रामजीलाल, श्री रामकृष्ण पुत्रगण स्व. श्री भोगीराम उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये। श्री रामप्रसाद, श्री कैलाशनारायण, श्री रामजीलाल, श्री रामकृष्ण के मध्य विवाद उत्पन्न हुआ और यह मामला प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, ग्वालियर के न्यायालय में प्रकरण क्र.162ए/88 के तहत प्रस्तुत किया गया और न्यायालय ने दिनांक 18.01.1991 को निर्णय और डिक्री पारित की और उक्त निर्णय के आधार पर श्री रामप्रसाद को उक्त सम्पत्ति का स्वामी घोषित किया गया। श्री रामप्रसाद द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती वंदना तिवारी पत्नी श्री श्यामसुंदर तिवारी के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती वंदना तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री भोगीराम शर्मा के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि समाप्त होने उपरांत वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलास विहार, फैडरल बैंक के पास, सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

CHANGE OF NAME

I, **URMILA** W/o **Shri NEPAL SINGH** is Legally Mother of **RAHUL SINGH**, Residing at Kishupura, Bhind, Ater (M.P.) have changed my Name from **MUNNI DEVI** to **URMILA** due to mismatch in my Son's Army Service Record.
vide Affidavit No. BR 739808 Dated 07/08/2025 before High Court, Gwalior (M.P.).

CHANGE OF NAME

I, **VISHVA PRATAP SINGH** Residing at Flat No. B-4 9th Floor, Legancy Plaza, Gwalior (M.P.) have changed my Son's Name from **REYANSH** to **REYANSH RANA.**
Vide Affidavit No. DC 020404 Dated 11/08/2025 before High Court, Gwalior M.P.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा मनचाला देवी पत्नी श्री महेश सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 04 ब्लॉक ए स्थित ग्राम मउ जिला ग्वालियर में है जो कि सर्वे क्र. 245 का भाग 870 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 63 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण शिमला, अनिताबाई, ओमवती पुत्रियां स्व. श्री प्रहलाद सिंह ने रजिस्टर्ड मु. आम दस्तावेज क्र. ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 211GR17412025A400158018 तारीखी 19.03.2025 में चन्द्रभान सिंह लोधी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद सिंह के हित में सम्पादित किया । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में - सम्पत्ति दीगर, पश्चिम में रोड, उत्तर में-प्लॉट क्र. 05, दक्षिण में- प्लॉट क्र. 03 जिसका कुल क्षेत्रफल 870 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण शिमला, अनिताबाई, ओमवती पुत्रियां स्व. श्री प्रहलाद सिंह के द्वारा मु. आम चन्द्रभान सिंह लोधी पुत्र स्व. श्री प्रहलाद सिंह ने मेरी पक्षकारा मनचाला देवी पत्नी श्री महेश सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 04 ब्लॉक ए कुल क्षेत्रफल 870 वर्गफुट विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश एंव विक्रेतागण के परिवार सदस्य भारत सिंह, घनश्याम, चन्द्रभान पुत्रगण स्व. श्री प्रहलाद सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा मनचाला देवी पत्नी श्री महेश सिंह ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 04 ब्लॉक ए कुल क्षेत्रफल 870 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो ।
दिनांक-11.08.2025
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 04 वार्ड क्रं. 13, भवन क्रं. 2741, स्थानः तानसेन नगर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संजय बाजीराव आसोलकर / श्री बाजीराव आसोलकर के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000226894 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 2741 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. MP142602024 A1651731 दिनांक 27.05.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र तानसेन रोड़ क्षे.क्रं. 04 पर दिनांक 11.07.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 76/2010/59614/59788/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
ऋषभ मीणा / श्री विजय कुमार मीणा
पताः तानसेन नगर, वार्ड - 13
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 11-08-2025

उपनाम संशोधन सूचना

मैं श्रीमती मंगेश भदौरिया पत्नी श्री निर्भय सिंह भदौरिया निवासी- 24, एवनेजर स्कूल के पास, भगत सिंह नगर, गोले का मन्दिर, ग्वालियर (म.प्र.) शपथ करती हूं कि मेरे पति के आर्मी सर्विस नं. JC482922A sub Nirbhay Singh Bhadoria के सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग Mangesh Bhadouria दर्ज है जो कि गलत है। यह कि, मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग Mangesh Bhadouria के स्थान पर (सही स्पेलिंग) Mangesh Bhadoria दर्ज कर मान्य की जावे। उक्त कथन की सत्यता हेतु शपथ पत्र क्र. BR 739451 दिनांक 22/07/2025

सूचना

मैं रंजीत कुमार प्रधान यह कथन करता हूं। कि मेरे सर्विस डॉक्यूमेंट में मेरे पिता की जन्मतिथि 01 जुलाई 1961 दर्ज है। परंतु पिताजी के आधार कार्ड में उनकी जन्मतिथि 07 जनवरी 1960 है, जिसे मैं संशोधित कर सर्विस डॉक्यूमेंट मै दर्ज कराना चाहता हूं। मैं रंजीत कुमार प्रधान यह कथन करता हूं। कि मेरे सर्विस डॉक्यूमेंट में मेरी माताजी की जन्मतिथि 01 जुलाई 1965 दर्ज है। परंतु माताजी के आधार कार्ड मैं उनकी जन्मतिथि 15 जनवरी 1962 है, जिसे मैं संशोधित कर सर्विस डॉक्यूमेंट मै दर्ज कराना चाहता हूं।

दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी बैंगलोर से गिरफ्तार

ग्वालियर। दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 2 हजार के इनामी स्थाई वारंटी को गिरवाई पुलिस ने बैंगलोर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया था। पुलिस को तकनीकी सहायता के आधार पर ज्ञात हुआ था कि आरोपी बैंगलोर कर्नाटक में फरारी काट रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम को बैंगलोर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा बैंगलोर में आरोपी की तलाश की गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त आरोपी एक होटल में काम करता है। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को बैंगलोर में राघवेन्द्र प्रशंन्ना से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राज प्रजापति उर्फ फरान शाह निवासी गोकुलपुर गिरवाई जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर ग्वालियर लाया गया.

जैन मिलन महिला, फालका बाजार ने णमोकार मंत्र का पाठ किया

ग्वालियर 11 अगस्त. रविवार को फालका बाजार में स्थित भगवान 1008 शान्तिनाथ दिगम्बर जैन लाल मंदिर में साधु-साध्वियों और तीर्थ की रक्षा हेतु विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पवनमय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे क्षेत्रीय संयोजिका संध्या जैन एवं क्षेत्रीय सदस्य चंदा जैन ने सम्पन्न किया। इसके बाद शाखा की वीरांगना बहनों, समाज की श्रद्धालु महिलाओं और वीर भाइयों ने मिलकर श्रद्धाभाव से णमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ किया, जो रात्रि 8 से 8:30 बजे तक चला। तत्पश्चात 8:30 से 8:45 बजे तक सामूहिक आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजिका रेखा जैन, क्षेत्रीय सचिव कमलेश जैन, क्षेत्रीय धार्मिक सह-चेयरपर्सन संगीता जैन, क्षेत्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य सुनीता जैन तथा भाई पारस जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। शाखा अध्यक्ष शेफाली (अंजू) जैन, शाखा सचिव इंदु जैन संतोष, संगीता, दीप्ति रानी, गुंजन, संगीता, उषा जैन उपस्थिति से कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 भवन क्रमांक... स्थान आऊखाना कला में स्थित है जो कि मैसर्स गायत्री प्रमोटर्स एण्ड डब्लपर्स एफ-2, कपूरचन्द/हुकुमचन्द के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ...... पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1146 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 674 ग्रंथ क्रमांक20992 दिनांक 10/06/2011 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 31/07/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72399/72607 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 01-07-2025
आवेदक का नाम/पता
अजय शर्मा/शान्ती प्रकाश शर्मा
पताः आऊखाना कला, ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 भवन क्रमांक... स्थान ठाकुर मोहल्ला, चन्दन नगर में स्थित है जो कि ज्वाला प्रसाद/देवलाल कुशवाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 2000195335 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602024ए1599181 दिनांक 16/05/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 04/07/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010 /72248/72457 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 01-07-2025
आवेदक का नाम/पता
जगदीश शर्मा/हरीशंकर शर्मा
पताः ठाकुर मोहल्ला चन्दन नगर, ग्वालियर म.प्र.
मो. 8305631882

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 03 वार्ड क्रमांक 15 भवन क्रमांक... स्थान माँ वैष्णो पुरम में स्थित है जो कि मोहर सिंह यादव/बाबू सिंह यादव के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1002936243 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1/18895/5 दिनांक 03/01/2008 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र लूटपुरा पर दिनांक 11/08/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 75/2011/54295/54234 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 01-07-2025
आवेदक का नाम/पता
श्रीमती सरोज राजपूत/बच्चू सिंह राजपूत
पताः माँ वैष्णो पुरम, ग्वालियर म.प्र.
मो. 7869792222

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 60 भवन क्रमांक... स्थान संगम ऐवेन्यू, ओहदपुर में स्थित है जो कि मैसर्स गैलेक्सी बिल्डर्स जर्ये पार्टनर श्री दर्शन पाठक/बाबूलाल पाठक के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक ..... पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1227 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ..... दिनांक .... द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर पर दिनांक 08/08/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 79/2011/42090/42044 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 01-07-2025
आवेदक का नाम/पता
बाल कृष्ण/स्व. गुलाब चन्द बंसल, सीमा बंसल/मुकेश बंसल
पताः संगम ऐवेन्यू, ओहदपुर ग्वालियर म.प्र.
मो. 8770321272

कब्जा नोटिस (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इसके द्वारा आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन IIFL HFL द्वारा यहाँ उल्लिखित राशि के प्रभार के अधीन होगा जिस पर ब्याज भी शामिल होगा। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों सहित चुका देता है, तो सुरक्षित संपत्तियाँ "IIFL HFL" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएँगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री राकेश सिंह श्रीमती भूरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10730221)	मकान संख्या 44, phn 79, खसरा संख्या 407, ग्राम जरारा, पोस्ट नूराबाद, तहसील बानमोर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, भारत, 476444 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफलः 3375.00, 1700.00	रु. 427844/- (रुपये चार लाख सत्ताईस हजार आठ सौ चवालीस मात्र)	20-03-2025	06-08-2025
श्री जज प्रताप सिंह, श्रीमती कुसुम राजा जज कृषि फार्म (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10733555)	खसरा संख्या 372, phn 42, ग्राम-नोनेर, तहसील और जिला का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल। दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475686 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 2000.00, 1000.00	रु. 485591/- (रुपये चार लाख पचासी हजार पाँच सौ इक्यानवे मात्र)	20-03-2025	06-08-2025
श्री रामनिवास श्रीमती रामकली रामनिवास दुग्ध केंद्र (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10733740)	Phn 105, सर्वे संख्या 1528, ग्राम सिलायथा, पोस्ट खनेटा, तह. जौरा, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, भारत, 476001 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 1408.00, 872.00	रु. 476837/- (रुपये चार लाख छिहत्तर हजार आठ सौ सैंतीस मात्र)	20-03-2025	06-08-2025
श्री चरण सिंह, श्रीमती शकुंतला कुशवाह चरण सिंह दूध केंद्र (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10733824)	पटवारी हल्का संख्या 105, खसरा संख्या 1528(एस) का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जनवेद का पुरा, तहसील जौरा, जिला मुरैना मध्य प्रदेश, 476001 स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मित क्षेत्र कालीन क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 1540.00, 642.00, 600.00	रु. 595494/- (पाँच लाख पचानवे हजार चार सौ चौरानवे मात्र)	12-03-2025	06-08-2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 12-08-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

दिव्यांगजनों ने भी निकाली तिरंगा यात्रा

ग्वालियर 11 अगस्त. शहर के दिव्यांगजनो ने भी अपनी मोटर ट्राईसाइकिल के साथ तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया। यात्रा में दिव्यांगजन एवं सामाजिक न्याय विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा का स्वागत दिव्यांगजनों ने गांधी रोड पर किया। तिरंगा यात्रा में समाजसेवी अनूप जौहरी, ज्ञान सिंह कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, घनश्याम माहौर, संजय रजक, हेमंत कुशवाह, राजेंद्र राणा, आशीष शिवहरे, प्रमोद, इरफान, बाबूलाल प्रजापति, दिनेश पाल, राजेश राठौर, बलबीर गर्ग, धर्मेंद्र बाथम, शरीफ खान आदि दिव्यांगजन सम्मिलित हुए।